राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–234/2023

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल कार्यान्वयन से युवा नई ऊर्जा से अनुप्राणित होंगे–राज्यपाल

पटना, 27 अगस्त, 2023 :– "नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020' हमारे समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। यह जमीन से जुड़ी हुई ऐसी शिक्षा नीति है जो हमारी मौजूदा जरूरतों को भी पूरा करती है। यह शिक्षा नीति हमारी औपनिवेशिक सोच को बदलकर युवाओं में नयी ऊर्जा भरती है।"– उक्त उद्गार महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने स्थानीय होटल मौर्या के सभागार में ललित नारायण मिश्र कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट मुजफ्फरपुर के तत्वावधान मे आज शाम आयोजित एक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए व्यक्त किये। राज्यपाल ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया।

उक्त अवसर पर बोलते हुए महामहिम राज्यपाल श्री आर्लेकर ने कहा कि पुरानी शिक्षा नीति केवल सेवक पैदा करते हुए बाबूगिरी को बढ़ावा देने वाली थी। इसमें सिर्फ विद्यार्थियों की स्मरण–शक्ति का ही परीक्षण हो पाता था। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को औपनिवेशिक सोच से उबरते हुए एक अच्छे मनुष्य के निर्माण की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में लागू किया गया है। राज्यपाल ने कहा कि एक अच्छा मनुष्य ही एक अच्छा चिकित्सक, शिक्षक, ऑफिसर या अच्छा राजनेता बन सकता है।

कार्यक्रम में अपने अत्यंत मार्मिक उद्बोधन के दौरान राज्यपाल ने कहा कि बिहारी अगर परिश्रमी एवं प्रतिभाशाली हैं तो फिर बिहार क्यों किसी से पीछे रहेगा? उन्होंने कहा कि हमें उस दिन की प्रतीक्षा है जब सिर्फ बिहारी विद्यार्थी ही उच्च शिक्षा प्राप्त करने बाहर नही जायेंगे बल्कि दूसरे प्रदेशों के विद्यार्थी भी बिहार पढ़ने आयेंगे।

राज्यपाल ने कहा कि आज हमें ऐसी शिक्षा नीति की आवश्यकता है जो हमें रोजगार–याचक नही बल्कि रोजगार–प्रदाता बनाये। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति इसी दिशा में एक ठोस पहल है।

राज्यपाल श्री आर्लेकर ने कहा कि बिहार राज्य में भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो गयी है। उन्होंने स्पष्ट किया की नई शिक्षा नीति में भी तीन वर्ष का ही स्नातकीय पाठ्यक्रम निर्धारित है, उच्च और विशिष्ट अध्ययन के लिए चौथे वर्ष में पढ़ाई का प्रावधान है।

राज्यपाल ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तत्परतापूर्वक कार्यान्वयन की जरूरत बताते हुए कहा कि हमारी आगामी पीढ़ियाँ इससे स्वतंत्र और युगान्तकारी परिवर्तन के लिए तैयार हो सकेंगी।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण राज्य के पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री नीतीश मिश्रा तथा धन्यवाद–ज्ञापन ललित नारायण मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के रजिस्ट्रार ने किया।

....